नागालैण्ड के मुख्यमंत्री की सूची (वर्ष 1963 से अब तक

samanyagyan.com/hindi/gk-chief-ministers-of-nagaland

नागालैण्ड के मुख्यमंत्री (1963-2021): (Chief Ministers of Nagaland in Hindi)

नागालैण्ड सामान्य ज्ञान:

नागालैण्ड भारत का एक उत्तर पूर्वी राज्य है। इसकी राजधानी कोहिमा है। इसके सीमाओं पर पश्चिम और उत्तर में **असम**, पूर्व में म्यांमार जिसका पूर्व नाम बर्मा था, उत्तर में अरूणाचल प्रदेश और दक्षिण में **मणिपुर** स्थित है। सबसे बड़ा शहर दीमापुर है। नागालैण्ड में सबसे उँची चोटी माउंट सरामति है जिसकी समुंद्र तल से उँचाई 3840 मी है।

Quick Info About Chief Ministers of Nagaland in Hindi:

वर्तमान मुख्यमंत्री	नेफियू रियो
राजनीतिक दल	नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)
शपथ ग्रहण की तिथि	08 मार्च 2018
प्रथम मुख्यमंत्री	पी॰ शीलू एओ

नागालैण्ड का इतिहास:

सन् 1890 तक नागालैंड में ब्रिटिश शासन स्थापित हो गया था और पारंपरिक प्रथा हैडहंटिंग को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। सन् 1947 में भारत की आजादी के बाद से नागा क्षेत्र असम और नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी के बीच विभाजित रहा। सन् 1960 में भारत सरकार ने नागालैंड को एक स्वशासित राज्य बनाने की मंजूरी दी और सन् 1963 में नागालैंड आधिकारिक तौर पर राज्य घोषित किया गया।

नागालैंड भारत के सबसे छोटे राज्यों में से एक है। इसका कुल क्षेत्रफल 16,578 वर्ग किमी. है। इस राज्य में नागा हिल्स भी आते हैं जिसका सबसे उंचा शिखर सारामाती 12,600 फुट का है। नागालैंड में बहने वाली मुख्य **नदियां** धनसिरी, दोयांग, दिखू और झांझी हैं।

नागालैंड में 60 सीटों वाली एकल कक्ष की विधान सभा है। राज्य से दो सदस्य भारतीय संसद में जाते हैं, जिसमें से एक राज्य सभा यानि उपरी सदन और एक लोक सभा यानि निचले सदन में।

नागालैण्ड के मुख्यमंत्री:

नागालैण्ड का मुख्यमंत्री नागालैण्ड राज्य का प्रमुख होता है। यहाँ वर्ष 1963 से अब तक 11 व्यक्ति मुख्यमंत्री 07 विभिन्न पार्टियों के इस पद पर विराजमान हो चुके हैं। नागालैण्ड के पहले मुख्यमंत्री नागा नेशनलिस्ट ऑर्गनाइजेशन के पी॰ शीलू एओ थे। नागालैण्ड के वर्तमान मुख्यमंत्री नेफियू रियो नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) नामक दल से हैं और इस पद पर 08 मार्च 2018 से विराजमान हैं।

वर्ष 1963 से अब तक नागालैण्ड के मुख्यमंत्रियों की सूची:

मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
पी॰ शीलू एओ	01 दिसम्बर 1963	14 अगस्त 1966	नागा नेशनलिस्ट ऑर्गनाइजेशन
टी॰ एन॰ अंगमी	14 अगस्त 1966	22 फरवरी 1969	
होकिशे सेमा	22 फरवरी 1969	26 फरवरी 1974	
विज़ोल अंगमी	26 फरवरी 1974	10 मार्च 1975	यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट
जॉन बोस्को जसोकी	10 मार्च 1975	20 मार्च 1975	नागा नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी
राष्ट्रपति शासन (20 मार्च 1975 से 25 नवम्बर 1977 तक)			
विज़ोल अंगमी	25 नवम्बर 1977	18 अप्रैल 1980	यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट
एस॰ सी॰ जमीर	18 अप्रैल 1980	05 जून 1980	यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट—प्रोग्रेसिव
जॉन बोस्को जसोकी	05 जून 1980	18 नवम्बर 1982	नागा नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी
एस॰ सी॰ जमीर	18 नवम्बर 1982	28 अक्टूबर 1986	यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट—प्रोग्रेसिव
होकिशे सेमा	29 अक्टूबर 1986	07 अगस्त 1988	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (07 अगस्त 1988 से 25 जनवरी 1989 तक)			
एस॰ सी॰ जमीर	25 जनवरी 1989	10 मई 1990	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
के॰ एल॰ चिश्ली	16 मई 1990	19 जून 1990	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
वमुज़ो फेसाओ	19 जून 1990	02 अप्रैल 1992	नागालैण्ड पीपुल्स काउंसिल

मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
	राष्ट्रपति शासन (02 अप्रैल 1992 से 22 फरवरी 1993 तक)		
एस॰ सी॰ जमीर	22 फरवरी 1993	06 मार्च 2003	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
नेफियू रियो	06 मार्च 2003	03 जनवरी 2008	नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ)
	राष्ट्रपति शासन (03 जनवरी 2008 से 12 मार्च 2008)		
नेफियू रियो	12 मार्च 2008	24 मई 2014	नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ)
टी.आर. जेलियांग	24 मई 2014	22 फरवरी 2017	नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ)
नेफियू रियो	22 फरवरी 2017	19 जुलाई 2017	नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ)
टी.आर. जेलियांग	19 जुलाई 2017	07 मार्च 2018	नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ)
नेफियू रियो	08 मार्च 2018	से अब तक	नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)

You just read: Naagaalaind Ke Mukhyamantriyon Ke Naam, Kaaryakaal Aur Unaki Raajaneetik Party (varsh 1963 Se 2021)